सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-3

बुधवार, तिथि 02 वैशाख, 1937 (श0) / 22 अप्रील, 2015 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 98**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 50 |
| (2) पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 17 |
| (3) ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 06 |
| (4) जल संसाधन विभाग | .. | .. | 11 |
| (5) लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 09 |
| (6) श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 02 |
| (7) भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 02 |
| (8) पंचायती राज विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 98 |

विचार करना

''क''-*1248. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ष 2011 के आर्थिक एवं सामाजिक सर्वेक्षण में गरीब लोगों का नाम बी0पी0एल0 सूची से हटा दिया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि अत्यन्त गरीब लोग खाद्य सुरक्षा के अधिकार से वंचित हैं और कुछ अमीर लोगों का नाम बी0पी0एल0 सूची में जोड़ दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पुन: सर्वेक्षण कराकर निर्धन लोगों का नाम बी0पी0एल0 सूची में जोड़कर खाद्य सुरक्षा का अधिकार देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, क्यों ?

--------

खाद्य सुरक्षा अधिकार दिलाना

''ख''-*1576. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बिहारशरीफ, गिरियक एवं सिलाव प्रखंड में 65 प्रतिशत आबादी खाद्य सुरक्षा अधिकार से अभीतक वंचित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंडों में सामाजिक आर्थिक जनगणना में काफी गड़बड़ियाँ होने के कारण लगभग 65 प्रतिशत लोग इसका शिकार हुये हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में आर्थिक, सामाजिक जनगणना में सुधार कर वास्तविक गरीब एवं असहाय लाभुकों को खाद्य सुरक्षा अधिकार दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

गाईडवाल का निर्माण

*1787. श्री कौशल यादव--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत कौआकोल प्रखंड के ग्राम-कुतुबचक के समीप नाटा नदी में गाईडवाल नहीं रहने से बरसात के मौसम में काफी कटाव होता है जिससे फसलें बर्बाद हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त ग्राम के पास नदी में गाईडवाल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पईन की सफाई

*1788. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत वारिसलीगंज प्रखंड के ग्राम-खोजपुरा में छिलका से बबुरी आहर तक पईन में मिट्टी भर गई है जिससे सैकड़ों एकड़ जमीन की सिंचाई बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पईन की सफाई करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नोट--''क''-दिनांक 9 अप्रील, 2015 को सदन द्वारा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से ग्रामीण विकास विभाग में स्था0 ।

''ख''-दिनांक 16 अप्रील, 2015 को सदन द्वारा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से ग्रामीण विकास विभाग में स्था0 ।

पुल का निर्माण

*1789. श्री कृष्ण कुमार ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बनमंखी से धमदाहा सड़क विगत 5 वर्षों से जर्जर है एवं बनमंखी से धमदाहा सड़क के बीच में मर्गु-जान के पास पुल टूट गया है जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क एवं पुल का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*1790. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत सोनवर्षा से अगियाँव बाजार होते हुये कशरोयाँ ग्राम से आरा सासाराम पथ विगत 5 वर्षों से काफी जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क की पक्कीकरण

*1791. श्री रत्नेश सादा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के महुआ बाजार के मछली मार्केट से दुहारा, रघुनाथपुर होते हुये बड़ी वासा तक का सड़क कच्ची रहने के कारण ग्रामीणों को मुख्यालय आने-जाने में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क के कच्चा रहने के कारण बरसात के दिनों में काफी पानी लग जाता है जिसके कारण ग्रामीणों का घर से निकलना मुश्किल हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार महुआ बाजार के मछली मार्केट से दुहारा, रघुनाथपुर होते हुये बड़ी वासा तक की कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*1792. श्री संजय सिंह ''टाइगर''--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के सकड्डी से संदेश पथ पर अखगाँव बाजार में सड़क के दोनों तरफ नाला का निर्माण नहीं किया गया है जिससे सड़क पर नालियों का पानी बहता रहता है फलत: नारकीय स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बाजार में सड़क के दोनों तरफ नाला का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का जीर्णोद्धार

*1793. श्री (प्रो0) चन्द्रशेखर--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के बैजनाथपुर से लिटियाही जानेवाली 32.8 कि0 मी0 सड़क पूर्णत: जर्जर हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2004 में ही इसका अधिग्रहण पथ निर्माण विभाग ने कर लिया है तथा वर्ष 2015 में इसे कार्य योजना में शामिल कर लिया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि सहरसा, मधेपुरा एवं सुपौल जिला मुख्यालय से जुड़नेवाली इस पक्की सड़क की दयनीय एवं जर्जर हालत से रोज चलनेवाले हजारों यात्रियों को आवागमन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस सड़क के जीर्णोद्धार करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*1794. श्री कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजरसराय प्रखंड के ग्राम-सतामस से हथियावाँ ग्राम तक पक्की सड़क नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पक्की सड़क नहीं होने से सतामस तथा उसके आस-पास के करीब 10 गाँव को आने-जाने में बहुत कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खिजरसराय प्रखंड के ग्राम- सतामस से हथियावाँ ग्राम तक पथ निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*1795. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय ''पप्पू''--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंडान्तर्गत सासामुसा-खानपट्टी मुख्य पथ से दक्षिण की तरफ ओझा टोला होते हुये बेन्दुआ ग्राम तक जानेवाली सड़क का पक्कीकरण नहीं होने से जर्जर हो गयी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

छिलका का निर्माण

*1796. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत अस्थावाँ प्रखंड के ग्राम-सदरपुर के निकट गिराईन नदी पर छिलका का निर्माण एवं कतरीसराय प्रखंड के ग्राम-मैरा के निकट मुंशी नदी पर विगत 10 वर्षों से ध्वस्त छिलका के निर्माण कराने हेतु विभाग ने डी0 पी0 आर0 बनाने का आदेश कार्यपालक अभियंता, बिहारशरीफ प्रमंडल को वित्तीय वर्ष 2013-14 में दिया था, परन्तु आजतक संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा उक्त दोनों छिलका का डी0 पी0 आर0 बनाकर विभाग को सुपुर्द नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार उक्त दोनों छिलकों का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूरा करना

*1797. डॉ0 इजहार अहमद--क्या मंत्री जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत कोसी के पश्चिमी तटबंध में विगत 10 वर्षों से तटबंध पर सड़क का कालीकरण का काम किया जा रहा है, जो प्राक्कलन मुताबिक विगत 8 वर्ष पूर्व ही पूरा किया जाना था, जो आजतक अधूरा पड़ा हुआ है, यदि हाँ, इसका क्या औचित्य है तथा सरकार उक्त कार्य में विलम्ब करनेवाले संबंधित पदाधिकारी एवं संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई कर उक्त कार्य को कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*1798- श्री शरफुद्दीन--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पथ अवर प्रमंडल कार्यालय परिसर, पिपरा में पथ प्रशाखा, जदिया के बेकार पड़े सामग्रियों की निलामी कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, सुपौल के निदेश पर 6 नवम्बर, 2014 को दिन के एक बजे समय मुकर्रर की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सामग्री निलामी होने के पहले ही दिनांक 19 अक्टूबर, 2014 को विभागीय कनीय अभियंता द्वारा सामानों को जे0 सी0 बी0 से ट्रैक्टर पर लादकर कहीं बाहर भेज दिया गया ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*1799. डॉ0 अरुण कुमार--क्या मंत्री ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर प्रखंड के खागपक से भाया करूआ होते हुये मोहम्मदपुर तक की ग्रामीण सड़क की स्थिति अत्यंत ही जर्जर हो जाने से आवागमन में काफी असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

संपर्क पथ को जोड़ना

*1800. श्रीमती (डॉ0) उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पालीगंज प्रखण्ड के तहत नेरिया ग्राम की दूरी पालीगंज-किंजर पथ से 4 कि0 मी0 दूर रहने से वहाँ के लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कत एवं आर्थिक क्षति हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना के पालीगंज प्रखण्ड अंतर्गत नेरिया ग्राम में 1,500 आबादी होने के बावजूद अभीतक सम्पर्क पथ नहीं है जिसके कारण यहाँ के लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नेरिया ग्राम को संपर्क पथ से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का पुनः निर्माण

*1801. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत हलसी प्रखण्ड के सेठना गाँव में नहर की देख-भाल हेतु 50 वर्ष पूर्व सिंचाई जलपथ भवन का निर्माण किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सिंचाई जलपथ भवन जर्जर होकर बिखर गया है और कोई कर्मचारी भी वहाँ नहीं रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जलपथ भवन का पुनः निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*1802. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत शाहपुर प्रखण्ड के सहजौली एवं हिरखी, पीपरा के बीच नदी में पुल नहीं रहने और बिहियाँ प्रखंड के बनकट, सिकटिया के सामने नदी में पुल नहीं रहने से वहाँ के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सहजौली, हिरखी, पीपरा के बीच नदी में ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा 2004 में पुल-निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया जो अभीतक पूरा नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त गाँवों के सामने नदी में पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का जीर्णोद्धार

*1803. श्री मुजाहिद आलम--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज-बहादुरगंज पथ में महानंदा नदी पर बना पुल काफी जर्जर हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल के जीर्णोद्धार का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निविदा निकालना

*1804. डॉ० अरुण कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत मुख्य मंत्री सेतु योजनाओं का चयन वर्ष 2013-14 एवं 2014-15 में किया गया था, चयन के फलस्वरूप सभी योजनाओं का डी०पी०आर० तैयार करवाया गया था, बड़े पुलों का निविदा भी किया गया था, परन्तु प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिलने के कारण योजनाओं का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया एवं छोटे पुलों को प्रशासनिक स्वीकृति के बाद निविदा निकाला गया, लेकिन आजतक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुलों का पुनर्निविदा निकालकर कार्य प्रारंभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1805. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड के मड़वा पूरब पंचायत के ग्राम-हिरदीचक, वार्ड नं०3 में ब्रह्मदेव यादव के घर से सहदेव कुँवर के घर तक जो जर्जर सड़क है उसके बीच में एक छोटी-सी धार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त सड़क दो पंचायतों को जोड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ब्रहमदेव यादव के घर से सहदेव कुँवर के घर के सड़क के बीच में पुलिया एवं जर्जर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

पुल का निर्माण

*1806. श्री बृज किशोर बिन्द--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला अंतर्गत अधौरा प्रखंड के सैनपुरा गाँव के नजदीक कर्मनाशा नदी में पुल नहीं होने के कारण दो महीनों तक रास्ता बन्द हो जाता है जिससे दो महीनों तक बच्चे विद्यालय नहीं जा पाते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पुल निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

सड़क का निर्माण

*1807. श्री तौसीफ आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुर प्रखण्ड के बनगावाँ हाट से उच्च विद्यालय, खाड़ी टोला होते हुये खाड़ी टोल-बनगावाँ सड़क 5 वर्षों से जर्जर है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

दोषी पर कार्रवाई

*1808. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण निगम द्वारा भोजपुर जिलान्तर्गत बिहियाँ में पाँच हजार मिट्रीक टन एवं पाँच सौ मिट्रीक टन के गोदाम निर्माण कराने हेतु वित्तीय वर्ष 2013-14 में निविदा का निष्पादन कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण निगम द्वारा उक्त दोनों (ऊपर वर्णित) गोदाम का निर्माण बिहियाँ में न कराकर शाहपुर प्रखंड में कराया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार नियम के विरुद्ध स्थल परिवर्तन कर गोदाम निर्माण करानेवाले दोषी व्यक्तियों पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

सड़क का निर्माण

*1809. डॉ० रेणु कुमारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत उदाकिशुनगंज अनुमंडल मुख्यालय से वीरपुर तक स्टेट उच्च पथ सं० 91 की स्थिति जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संवेदक द्वारा उक्त पथ में निर्माण कार्य साल भर से बंद कर दिया गया है, जिससे पथ की हालत अत्यंत खराब हो गयी है, आवागमन अवरुद्ध है तथा बराबर दुर्घटनाएँ होती रहती हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क की जाँच कराकर दोषी व्यक्ति पर कार्रवाई करते हुये सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

दोषी पदा० पर कार्रवाई

*1810. डॉ० इजहार अहमद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत देवकुली से सिसौनी और सिसौनी से शंकरपुर लौहार तक पथ जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त टूटे हुये पथ का स्थल निरीक्षण मुख्य अभियंता आर०ई०ओ० ने 6 माह पूर्व किया था तथा प्रतिवेदन सरकार को समर्पित किया जिस पर आजतक कार्रवाई नहीं की गयी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संबंधित पदा० एवं संवेदकों पर कार्रवाई करते हुये कबतक टूटे पथ की मरम्मती का विचार रखती है ?

------

पुल का निर्माण

*1811. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत नानपुर प्रखंड के कोईलिरामपुर पंचायत के अंतर्गत पवन चौधरी के चिमनी के निकट एवं मठापाकर रामअवतार सहनी के घर जानेवाली सड़क में पुल निर्माण हेतु वर्ष 2010-11 में निविदा की गई थी, लेकिन अभीतक पुल निर्माण कार्य शुरू नहीं हुई, यदि हाँ, तो निर्माण कार्य नहीं होने का क्या औचित्य है

------

पथ का निर्माण

*1812. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर पीरो पी०डब्लू०डी पथ विगत 5 वर्षों से काफी जर्जर होने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पथ का निर्माण

*1813. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के सिधवालिया प्रखंड के काशीटेंगराही से राजापट्टी जाने वाली पी०एम०जी०एस०वाई० पथ एवं बैकुण्ठपुर प्रखंड के बाला पुल से सफियाबाद धर्मबारी

मीरा टोला होते हुये सोनबलिया जाने वाले पी०एम०जी०एस०वाई० सड़क पूर्ण क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे आवागमन बन्द है ;

(2) क्या यह बात सही है कि दोनों पथों का अनुरक्षण का कार्य विगत 5 वर्षों में अबतक इरकॉन एजेंसी द्वारा नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोनों पथों का निर्माण कराने का विचार रखती है ?

-------

कटाव से बचाव

*1814. <u>श्री मनोहर प्रसाद सिंह</u>--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अंतर्गत धन्नी टोला और झब्बुटोला पिछले बाढ़ के कटाव से गंगा में विलीन हो गये हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि धन्नी टोला गंगा तट से जमुनतल्ला तट तक कटाव निरोधी कार्य नहीं होने से हरदेव टोला, त्रिलोकी टोला, मेघु टोला, झब्बु टोला, सुबेदार टोला, कीर्ति टोला, भादो टोला, युसुफ टोला, खट्टी पार दियारा, पार दियारा, खट्टी किसनपुर, खट्टी भवानीपुर, पबलाबन्ना, जामुन तल्ला गाँव के गंगा में विलीन होने पूरी आशंका है और लगभग 46,000 जनसंख्या के विस्थापित होने का खतरा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर कटाव निरोधी कार्य करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

कार्य प्रारम्भ करना

*1815. <u>श्री रामेश्वर प्रसाद</u>--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के नासरीगंज प्रखंड में परूड़ी सोहगी नाहर में पुल जिला 20 सूत्री एवं सेतु के बैठक में योजना वर्ष 2011 में स्वीकृत हो गया था, किन्तु अभीतक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

------

पथ का कालीकरण

*1816. <u>श्री रामसेवक सिंह</u>--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र के सवैया जीन बाजार से निकलने वाली पथ कान्थ गोपी, बृति टोला, बालाहाता, भगवान टोला, बलेसरा, असनन्द टोला, धर्मन टोला, बलीभद्र पट्टी होते हुये ग्राम ईटवाँ के पास एन०एच० 85 में मिल जाती है, जर्जर अवस्था में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त पथ जगह-जगह टूट गया है तथा गड्ढों में तब्दील हो गया है जिससे उपरोक्त ग्रामीणों के आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त पथ का कालीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1817. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत शंकरपुर प्रखंड के ग्राम-रायभीर एवं ग्राम-कबियाही के पास गोरीभारी घाट के पास नदी पर पुल नहीं है, जिससे आस-पास के दर्जनों गाँव के लोगों को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त वर्णित स्थल रायभीर नदी एवं कबियाही नदी के गोरीहारी घाट पर पुल निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चैक डैम का निर्माण

*1818. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखंड के गिधवा नाला के पास चैक डैम का निर्माण नहीं होने से आस-पास के दो दर्जन से अधिक गाँव के किसानों को सिंचाई सुविधा में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त वर्णित स्थल पर चैक डैम का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*1819. डॉ० अच्युतानन्द--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार प्रखंड अन्तर्गत भरडों, सिवान से अनुसूचित जाति टोला तक सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उपरोक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*1820. श्री असरनाथ गामी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखंड के बलिगाँव मोड़ से केवड़ा, कोढ़ एवं उन्जैन से शिवराम सड़क का कार्य वर्ष 2008-09 में प्रारंभ किया गया था, परन्तु अभीतक निर्माण कार्य पूरा नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कार्य कबतक पूरा कराने का विचार रखती है ?

---------

आवागमन सुचारु करना

*1821. श्री ज्ञानचन्द मांझी--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखंड गरखा में एन०एच० 102 से ग्राम-कंचानी होते रायपुरा तक जाने वाला पथ जर्जर हो गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि गरखा बाजार जाम होने से इसी पथ में सोनहो, मकेर, भेल्दी, कटसा, परसा से होकर बाइपास जाती है, जो अतिमहत्वपूर्ण पथ होने के चलते जनता को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक जर्जर सड़क का निर्माण कराकर आवागमन को सुचारु कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

मेन्टेनेन्स राशि देना

*1822. श्री सत्यदेव नारायण आर्य--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के राजगीर निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत पंचाने एवं शकरी नदी के नहर में वर्ष 2013-14, 2014-15 में मेन्टेनेन्स कार्य में कोई भी राशि नहीं दिया गया है, जिसके बाद से भयावह स्थिति बन गयी है, यदि हाँ, तो अभीतक रख-रखाव में (मेन्टेनेन्स) में राशि नहीं देने का क्या औचित्य है ?

---------

सड़क की मरम्मती

*1823. श्री शालिग्राम यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के हरलाखी विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत हरलाखी से बेनीपट्टी मुख्य सड़क में महमदपुर से तिसयाही तक लगभग 6 कि०मी० सड़क जर्जर एवं जीर्ण-शीर्ण आवस्था में होने के कारण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित सड़क के उप-भाग की मरम्मती कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

प्रस्ताव अनुमोदित करना

*1824. श्री सुबाष सिंह--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला परिषद् के कर्मियों को अपने आर्थिक संसाधन से राज्यकर्मियों के समरूप ए०सी०पी० एवं एम०ए०सी०पी० दिये जाने हेतु जिला परिषद् से संकल्प पारित कराकर अनुमोदन हेतु विभाग को भेजने का निर्देश पंचायती राज विभाग के पत्रांक 7711, दिनांक 20 अक्टूबर, 2013 द्वारा सभी उप-विकास आयुक्तों को दिया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला परिषद्, बेगूसराय द्वारा दिनांक 15 जनवरी, 2014 को उक्त आशय का संकल्प पारित किया गया जिसे उप-विकास आयुक्त, बेगूसराय के पत्रांक 67, दिनांक 15 जनवरी, 2014 द्वारा पंचायती राज विभाग को अनुमोदन हेतु भेजा गया परन्तु अभीतक अनुमोदन के अभाव में जिला परिषद्, बेगूसराय के कर्मियों को ए०सी०पी० और एम०ए०सी०पी० का लाभ नहीं दिया जा सका है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त प्रस्ताव को कबतक अनुमोदित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1825. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत पीरपैंती प्रखण्ड के खवासपुर, चटईया, अठनिया मधुबन सड़क बनकर तैयार है, लेकिन एक पुल के अभाव में आम ग्रामीण का परिचालन बंद है, जिस कारण 20 कि0मी0 दूरी तय कर आम लोगों को आना-जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क पर पुल का निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पुल का निर्माण

*1826. श्री ललन राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखण्ड कुटुम्बा में जनता महाविद्यालय के पास बतरे नदी में पुल नहीं रहने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पुल का निर्माण

*1827. श्रीमती रजिया खातुन--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखण्ड में बखरी पंचायत के बैरागी टोला स्थित सुमोती नदी पर पुल नहीं रहने के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही एवं आर्थिक क्रियाकलाप पर प्रतिकूल असर पड़ रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित टोला के पास सुमोती नदी पर कबतक पुल का निर्माण करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

भवन का निर्माण

*1828. श्रीमती पूर्णिमा यादव--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नारदीगंज प्रखण्ड कार्यालय वर्तमान में हाड़ेया के पंचायत भवन में कार्यरत है जबकि प्रखण्ड कार्यालय हेतु नारदीगंज पावर ग्रिड के समीप स्थल का चयन किया जा चुका है, यदि हाँ, तो सरकार चयनित स्थल पर प्रखण्ड कार्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी संवेदक पर कार्रवाई

*1829. श्री अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत नवहट्टा प्रखण्ड के महीसल नूरमुखिया के घर मुस्हरौली होते हुये साहपुर मुख्य सड़क निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना के स्वीकृति मिली परन्तु संवेदक द्वारा पिछले एक वर्ष से कार्य नहीं कराया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क में पूर्व से की गयी ईंट सोलिंग को संवेदक द्वारा उठा लिये जाने के कारण सड़क पर गड्ढा हो गया है तथा आमलोगों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी संवेदक पर कार्रवाई करते हुये कार्य पूर्ण कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

उप-वितरणी की उड़ाही

*1830. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत मदनपुर प्रखण्ड के उत्तर कोयल नहर से निकलने वाली उप-वितरणी 1, 2, 3 की उड़ाही एवं मरम्मती नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त तीनों उप-वितरणी की उड़ाही एवं मरम्मती नहीं होने से दर्जनों गाँव के किसानों को सिंचाई सुविधा में काफी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित उप-वितरणियों की उड़ाही एवं मरम्मती कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

------------

प्रोन्नति देना

*1831. श्रीमती मंजु कुमारी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण विभाग के पत्रांक 9995(एस0), दिनांक 26 अगस्त, 2006 द्वारा डिप्लोमाधारी कनीय अभियंता की प्रोन्नति उच्चतर पदों पर यथा सहायक अभियंता, कार्यपालक अभियंता से लेकर अभियंता प्रमुख तक प्रतिपादित नियम वर्ष 1939 के अनुरूप करने का सरकार का निर्णय है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नियम का पालन पथ निर्माण विभाग, बिहार सरकार के द्वारा नहीं होने से 9 वर्षों से डिप्लोमाधारी की प्रोन्नति उपर वर्णित पदों पर नहीं हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डिप्लोमाधारी कनीय अभियंताओं की प्रोन्नति उच्चतर पदों पर करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्युतीकरण कराना

*1832. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला स्थित भवन निर्माण विभाग कार्यालय में विद्युत् वायरिंग की स्थिति जर्जर हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, मधेपुरा के द्वारा कार्यालय एवं परिसर में विद्युतीकरण कराने हेतु सचिव, भवन निर्माण विभाग को 2013-14 में पत्र के द्वारा अनुरोध किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भवन निर्माण विभाग कार्यालय एवं परिसर में विद्युतीकरण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1833. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखण्ड के ग्राम रमुनी और कोरमोम के बीच बागमती तटबंध के भीतर पुल नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि रमुनी और कोरामोम बाँध के दोनों तरफ सड़क है, परन्तु बीच में पानी रहने के कारण ग्रामीणों को एक किलो मीटर उत्तर या दक्षिण जाकर कृषि कार्य करने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का नामांकन सुधारना

*1834. श्री रामेश्वर प्रसाद--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अन्तर्गत करगहर प्रखण्ड में हरदासपुर बिलारी पी०डब्लू०डी० पथ नामांकित है जबकि इस पथ में हरदासपुर कोई जगह नहीं है और यह पथ सोनवर्षा से बिलारी तक जाता है, यदि हाँ, तो उक्त वर्णित पथ का हरदासपुर बिलारी नामांकित होने का क्या औचित्य है ?

---------

सड़क पूर्ण करना

*1835. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के कुमार खंड प्रखण्ड अन्तर्गत टीकुलिया से भतनी होते हुये टेंगरहा होते हुये बसंतपुर पक्की सड़क तक जाने वाली सड़क का निर्माण विगत 4 वर्षों से अधूरा पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक, उक्त अधूरे निर्मित सड़क को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---------

पथ का निर्माण

*1836. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम प्रखण्ड के भरोखरा पंचायत के ग्राम बभनगावाँ से मुख्य पथ खैरा ग्राम तक पथ का निर्माण आजतक नहीं हुआ जिससे बरसात में उक्त गाँव के ग्रामीणों को निकलना मुश्किल हो जाता है तथा आवागमन बाधित हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार ग्राम बभनगावाँ से खैरा मुख्य पथ तक पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1837. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखण्ड के गढ़ीया पंचायत के बेलवारी गाँव से बालूघाट में जाने वाली सड़क में मारियाघाट में पुल का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे श्रीनगर, कसबार एवं पूर्णियाँ के आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*1838. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कलेर प्रखण्ड के बलिदाद बाजार से परासी बायें कमला चंदा बाजार होते हुये कलेर सड़क जाती है, जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

आवागमन बहाल करना

*1839. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखण्ड स्थित घोघरडीहा-हटनी एवं हटनी-हर्री बसखोरा पथ में ग्राम घोघरडीहा हटनी नौआबाखर एवं देवनाथ में अतिक्रमण के कारण बराबर आवागमन बाधित होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित पथ से अतिक्रमण हटाकर आवागमन सुगम बनाना चाहती है, नहीं, तो क्यों?

---------

सड़क का पक्कीकरण

*1840. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला अन्तर्गत सत्तर कटैया प्रखण्ड के अगवानपुर नहर चौक से उत्तर की ओर लोकही नहर तक जानेवाली सड़क कच्ची है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क से 10 गाँवों के लोगों के आवागमन का मात्र एक साधन है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

## पथ का पक्कीकरण

*1841. श्री कृष्णनन्दन यादव क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मोहड़ा प्रखंड के ग्राम-बरवारा से नौडीहा, यमुनापुर होते हुये सीतारामपुर तक पथ का निर्माण नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कच्ची सड़क से करीब 10-15 ग्राम के लोगों का आना-जाना होता है लेकिन बरसात में उक्त कच्ची सड़क से लोगों को निकलना मुश्किल हो जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## सड़क बनाना

*1842. श्री श्याम बिहारी राम - क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के तिलौथू से चिलरुआ गाँव तक का सड़क निर्माण वर्ष 2014 से किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मथुराबाद मोड़ से पोरा गाँव तक का भी सड़क का निर्माण का कार्य चल रहा है परन्तु चिलरुआ मोड़ से पोरा गाँव तक का सड़क लगभग 1½ कि०मी० नहीं बन पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चिलरुआ मोड़ से पोरा गाँव तक का सड़क बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## पुल बनाना

*1843. श्रीमती गुलजार देवी-- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखण्ड स्थित घोघरडीहा हटनी पथ में हटनी गाँव के आसपास वर्ष 1997-98 विधायक ऐच्छिक कोष से बना कॉजवे (छिलका) क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण पथ में आवागमन बंदी के कगार पर पहुँच चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित जगह पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पथ की मरम्मती

*1844. श्री मनोज कुमार- क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका के धौरैया कार्य प्रमंडल के तहत बिहार तथा झारखंड को जोड़ने वाला भागलपुर हंसडीहा तथा धौरैया पंजवारा पथ पिछले दो वर्षों से अत्यंत जर्जर है, यदि हाँ, तो उक्त पथों को अबतक मरम्मत नहीं कराये जाने का क्या औचित्य है ?

पुल बनाना

*1845. श्री अमन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत पीरपैंती प्रखंड के सिमनपुर गोपालीचक पंचायत के सिमनपुर गाँव में मरगंग धार में पुल नहीं रहने के वजह से इस पंचायत के आम जनता को आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*1846. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के असरगंज प्रखंड के प्रखंड कार्यालय का अपना भवन का निर्माण आजतक नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखंड कार्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नाला की सफाई

*1847. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर प्रखंड अन्तर्गत लखनपुर ग्राम में स्थित सिंचाई नाला का सफाई कार्य 20 वर्षों से नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सिंचाई नाला का कबतक सफाई कराने विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सिंचाई सुविधा मुहैया कराना

*1848. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय "पप्पु"--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के कुचायकोट प्रखंडान्तर्गत ग्राम-सासामुसा से होकर बहने वाली दाहा नदी में श्री अमला चौधरी के घर के नजदीक पुल नहीं होने के कारण दर्जनों एकड़ में लगी फसल सिंचाई से प्रत्येक वर्ष वंचित रह जाती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नदी में श्री अमला चौधरी के घर के पास पुल का निर्माण कराकर कृषकों को सिंचाई सुविधा मुहैया कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*1849. श्री मंजीत कुमार सिंह–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के सिधवलिया प्रखंड के बुचेया, लौहिजरा, सिअरूआ, मधुबनी ईरखागंज मोड़ (बरौली) तक जाने वाली पथ वर्ष 2008 में ही पी०एस०जी०एस०वाई० सड़क के रूप में स्वीकृति हुई थी, लेकिन अबतक सड़क का निर्माण पूर्ण नहीं किया जा सका है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है ?

---

सड़क का निर्माण

*1850. श्री कृष्ण कुमार ऋषि–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बनमंखी प्रखंड के एन०एच० 107 के पास खुदहरी से पिपरा तक 4 वर्ष पूर्व बना जिसके टूट जाने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण कार्य की जाँच कराते हुये सड़क का निर्माण कार्य कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*1851. डॉ० उषा विद्यार्थी–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज प्रखंड अंतर्गत खीरी मोड़ से समदा जाने वाली सड़क के बीच में लोआई नदी पड़ती है जिस पर बना पुल बहुत ही संकीर्ण एवं कमजोर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के दोनों ओर सड़क भी कच्ची है, जिससे बरसात में आवागमन मुश्किल हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल को नये सिरे से बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सिंचाई सुनिश्चित करना

*1852. डॉ० रणविजय कुमार–क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के गोह प्रखंड में बिलारू नदी में भुरकुण्डा के पास चैक डैम था जो बिल्कुल जर्जर एवं ध्वस्त हो चुका है तथा सिंचाई कार्य बाधित है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त चैक डैम को पुनर्जीवित कर सिंचाई कार्य सुनिश्चित कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

### जल निकासी करना

*1853. श्री अमरनाथ गामी–क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हायाघाट प्रखंड के श्रीरामपुर एवं बसहा मिर्जापुर पंचायत के दुधैल चौर के 500 एकड़ में सालों जल-जमाव रहने के कारण किसान कृषि कार्य नहीं कर रहे हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र से जल निकासी कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

### पुल का निर्माण

*1854. श्री गोपालजी ठाकुर–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहेड़ी प्रखंड के बन्दुहली-अरगा के बीच कमला नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने के कारण लाखों की आबादी को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है ?

---------

### पुल का चौड़ीकरण

*1855. श्रीमती सुखदा पाण्डेय–क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के बक्सर नगर के स्टेशन रोड में एक छोटा पुल (कटहिया) स्थित है, जो अत्यंत संकरा और छोटा है;

(2) क्या यह बात सही है कि संकरे पुल के कारण इस प्रमुख सड़क पर लगातार जाम लगा रहता है तथा कभी-कभी आवागमन बाधित भी हो जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का चौड़ीकरण अथवा दोहरीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

### सड़क पूर्ण करना

*1856. श्री प्रेम रंजन पटेल–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला अंतर्गत कजरा-रामतलीगंज, शिवडीह-लखना-बेलौंजा मुसहरी पथ के निर्माण हेतु मुख्य मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत वर्ष 2012 में स्वीकृति दी गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं किया गया है तथा सड़क का निर्माण अभीतक अधूरा भी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सड़क का निर्माण गुणवत्तापूर्ण नहीं करने वाले संवेदक पर कबतक कार्रवाई करने एवं सड़क पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क बनाना

*1857. श्रीमती सुखदा पाण्डेय–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के बक्सर प्रखंड के भैंसहा पुल से बरूणा ग्राम को जाने वाली सड़क पूरी तरह से टूट चुकी है, जिसके कारण आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

आवागमन बहाल करना

*1858. श्री जनार्दन माँझी–क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत अमरपुर विधान-सभा के अमरपुर बाजार में सड़क सिंगल रहने से काफी जाम रहता है, जिसके कारण नागरिकों को समय पर सरकारी कार्य करने, विद्यार्थियों को समय पर स्कूल पहुँचने तथा मरीजों को समय पर चिकित्सा कराने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जाम से निजात दिलाने हेतु बाईपास का निर्माण कर आवागमन सुगम बहाल करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*1859. श्री अवधेश सिंह–क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत हाजीपुर नगर परिषद् के नखास चौक से मस्जिद चौक होते हुये चौहट्टा तक का पथ विगत पाँच वर्षों से जर्जर होने के कारण आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ का निर्माण

*1860. श्री सत्यदेव नारायण आर्य–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत सिलाव प्रखंड में विण्डीडीह ग्राम के पी०डब्लू०डी० पथ के पश्चिमी छोड़ से पूरब तरफ ग्राम कदमतर तक की 03 कि०मी० एवं सिलाव भुई पथ से पैसा पुल से ग्राम पाकी भाया सिकन्दरा 03 कि०मी० तक की पथ का निर्माण आजादी के बाद आजतक नहीं हुआ है जिसे बरसात में उक्त गाँव के ग्रामीणों को निकलना मुश्किल हो जाता है तथा आवागमन बाधित हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार प्रश्नाधीन पथ का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आवागमन बहाल करना

*1861. श्री रत्नेश सादा–क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1)क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत बी०पी० मंडल सेतु डुमरी घाट वर्ष 2010 से क्षतिग्रस्त है, जिसके कारण आवागमन पूरी तरह ठप्प है;

(2)क्या यह बात सही है कि उक्त पुल सहरसा, मधेपुरा तथा नेपाल जाने का मुख्य सेतु है;

(3)क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्य ने दिनांक 23 जून, 2012 एवं 24 जुलाई, 2014 को पत्र लिखकर उक्त पुल का आवश्यक मरम्मती कर आवागमन बहाल कराने की दिशा में स्थानीय पदाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया था परन्तु अभीतक इस दिशा में कोई पहल नहीं है, जिसके कारण लोग नाव द्वारा आ-जा रहे हैं;

(4)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पुल का आवश्यक मरम्मती कर आवागमन बहाल कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

नलकूप लगाना

*1862. श्री आलोक रंजन–क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1)क्या यह बात सही है कि वर्ष 2006 में सरकार द्वारा सहरसा जिलान्तर्गत कहरा प्रखंड के पटुआहा पंचायत में राजकीय नलकूप नाबार्ड फेज- II के अन्तर्गत लगाने हेतु 3 डिसमिल जमीन दान के रूप में लेने हेतु रजिस्टर्ड एग्रीमेंट किया गया था;

(2)क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र के आस-पास लगभग सैकड़ों एकड़ जमीन की सिंचाई हेतु एक भी नलकूप नहीं है ;

(3)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत में राजकीय नलकूप लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*1863. श्री कुमार शैलेन्द्र–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–

(1)क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखंड के जयपुर चूहड़ पश्चिम पंचायत में शाहपुर ग्राम में केवल अनुसूचित जाति एवं अति पिछड़ा वर्ग के लोग ही रहते हैं ;

(2)क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रामीणों को आने-जाने के लिये जो सड़क है वो कच्ची सड़क है और आये दिन दुर्घटना होती रहती है;

(3)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शाहपुर के अनुसूचित जाति एवं अति पिछड़ा गाँव में सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पथ की मरम्मती

*1864. श्री राजेश्वर राज–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के अन्तर्गत चुगाई से चिकसील तक जाने वाला पथ पिछले दस वर्षों से जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

दोषी पर कार्रवाई

*1865. श्री गोपालजी ठाकुर—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बेनीपुर प्रखंड तथा बहेड़ी प्रखंड मुख्यालय में मनरेगा भवन का निर्माण दो वर्ष पूर्व किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि दो वर्ष के अन्दर ही मनरेगा भवन की स्थिति जर्जर हो गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार घटिया निर्माण करने वाले दोषी पदाधिकारीयों एवं संवेदक के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---------

गाईडवॉल बनाना

*1866. श्रीमती पूर्णिमा यादव—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत नारदीगंज प्रखण्ड के हयूआकरणा पंचायत स्थित ग्राम-पकड़िया अल्पसंख्यक समुदाय का ग्राम है जिसका कब्रिस्तान धमिया नदी के किनारे अवस्थित है;

(2) क्या यह बात सही है कि बरसात के मौसम में गाँव एवं कब्रिस्तान पानी के बहाव के चपेट में आ जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम के समीप नदी किनारे गाईडवॉल बनवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क की मरम्मती

*1867. श्री अशोक कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विधान-सभा क्षेत्रान्तर्गत टील से खैरो, इलमासनगर से मुसहरीघाट तथा खतुआहा चौक से मुजारी पर्या की स्थिति अत्यंत जर्जर है तथा मेंटेनेंस पीरियड समाप्त होने की वजह से आवश्यक मरम्मती नहीं करायी जा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़कों को दुरुस्त कराने का विचार रखती है ?

---------

प्रशिक्षण केन्द्र खोलना

*1868. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत लखीसराय, रामगढ़, हलसी एवं बड़हिया प्रखण्ड में एक भी श्रमिक प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना नहीं की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला में श्रमिक प्रशिक्षण केन्द्र के अभाव में कुशल श्रमिकों की कमी है फलत: श्रमिकों का राज्य से बाहर पलायन हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लखीसराय जिला से श्रमिकों के पलायन रोकने हेतु श्रमिक प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सम्पर्क पथ का मरम्मती

*1869. श्री प्रेम रंजन पटेल—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत एन०एच० 80 से किरणपुर, एन०एच० 80 से नन्दपुर ग्रामीण सम्पर्क सड़क काफी जर्जर रहने से स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार किरणपुर, नन्दपुर जर्जर ग्रामीण सम्पर्क पथ का मरम्मती कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*1870. श्रीमती सुनीता सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य-विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परसौनी प्रखण्ड के पमरा महारानी से लेकर राजेन्द्र चौधरी देमा के घर होते हुये पंचायत भवन देमा तक 1.50 कि०मी० सड़क का निर्माण डी०ए०पी० योजनान्तर्गत वर्ष 2012 में स्वीकृत है;

(2) क्या यह बात सही है कि अनुमण्डल पदाधिकारी, बेलसण्ड के पत्रांक 202, दिनांक 3 फरवरी, 2013 के द्वारा उप-विकास आयुक्त, सीतामढ़ी को सड़क निर्माण करने हेतु अग्रेतर कार्रवाई हेतु पत्र लिखा गया है फिर भी आजतक सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त सड़क का निर्माण शुरू नहीं होने का क्या औचित्य है ?

---------

प्रशिक्षण केन्द्र खोलना

*1871. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी प्रखंडों में औद्योगिक प्रशिक्षण खोलने का निर्णय लिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बासोपट्टी, जयनगर एवं खजौली प्रखंडों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नहीं होने से छात्रों को प्रशिक्षण प्राप्त करने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बासोपट्टी, जयनगर एवं खजौली प्रखंडों में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुल का निर्माण

*1872. श्री (मो०) आफाक आलम—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के कसबा प्रखंड के लागन भमरा पंचायत के लागन गाँव से पूरब सौरा नदी पहलवान घाट पर पुल का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सामुदायिक भवन का निर्माण

*1873. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अंतर्गत बलदिया बाड़ी में सामुदायिक भवन नहीं रहने के कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार वहाँ एक सामुदायिक भवन निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*1874. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत करपी प्रखंड के कुदरासी पिढ़ीया राजमनी देवी के घर के सामने नहर पर पुल एवं नाली नहीं रहने के कारण आम जनता के आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित पुल एवं नाली का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------

बाँध की खुदाई

*1875. प्रो० उषा सिन्हा--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के थरथरी प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत उमेरा के बेरमा ग्राम में पैन खुदाई एवं बाँध मरम्मती का कार्य वित्तीय वर्ष 2014 में किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना के तहत प्लॉट नं० 624, 621, 180, 191, 113, 79559, 623, 638 एवं 42 में पैन की खुदाई एवं बाँध मरम्मती का कार्य छोड़ दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम बेरमा के छूटे हुये पैन एवं बाँध की खुदाई एवं मरम्मती कार्य कराना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

बोरिंग चालू करना

*1876. श्री(मो०) तौसीफ आलम--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिले में बहादुरगंज प्रखण्ड में सिंचाई की सुविधा हेतु राजकीय नलकूप लगाई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड पंचायतों में गाड़े गये स्टेट पम्प बोरिंग में ऊर्जा विभाग द्वारा ट्रांसफॉर्मर लगाने के उपरांत अबतक स्टेट पम्प बोरिंग को विभाग द्वारा चालू नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बंद पड़े स्टेट पम्प बोरिंग को चालू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क बनाना

*1877. श्री शैलेश कुमार--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत खड़गपुर प्रखंड के कौड़िया पंचायत के किशनपुर ग्राम जिसकी आबादी 500 से अधिक है में तीनबटिया मुख्य पथ से ग्रामीण सड़क अभीतक नहीं बना है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में सड़क बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

दोषी पर कार्रवाई

*1878. श्री ललन राम--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत प्रखण्ड नबीनगर के देवी कांडी से चन्दन बिगहा भाया हरदासपुर तक प्रधानमंत्री सड़क योजना से कार्य हो रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का निर्माण मात्र 01 साल पूर्व हुआ था, अब पूरी तरह से जहाँ-तहाँ टूट गया है तथा प्राक्कलन के अनुसार कार्य नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संवेदक एवं दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

नलकूप चालू करना

*1879. श्री कौशल यादव--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत रोह प्रखण्ड के ग्राम पंचायत ओहारी के ग्राम पचम्बा स्थित नलकूप विगत 12 (बारह) वर्षों से खराब है, जिससे सैकड़ों एकड़ जमीन पानी के अभाव में बंजर हो गये हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नलकूप को चालू कराने का विचार रखती है ?

------

पुल बनाना

*1880. श्री सुरेन्द्र मेहता--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बेगूसराय प्रखंड के कैथ चरैठ ग्राम के कोला नदी में पुल नहीं होने के कारण आम लोगों को जिला मुख्यालय आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है यदि हाँ, तो सरकार कैथ-चरैठ ग्राम के बीच कोला नदी में पुल बनाने का विचार रखती है ?

------

बाँध का निर्माण

*1881. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत चिन्द एवं सरमेरा प्रखंड के चिन्द के ग्राम कुसहर एवं विशनपुर एवं सरमेरा प्रखंड के ग्राम धनामा बिगहा, धनामाडीह एवं केनारकला आदि गाँवों में जमींदारी बाँध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जमींदारी बाँध के उच्चीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु प्रशासनिक स्वीकृति के लिये प्राक्कलन बनाकर कार्यपालक अभियंता, नालंदा के मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग को अक्टूबर 2014 में दिया तथा मुख्य अभियंता ने अपने पत्रांक 3593, दिनांक 19 दिसम्बर, 2014 द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति विभाग को समर्पित किया जिस पर आजतक कोई भी कार्रवाई नहीं की गयी ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो इसका क्या औचित्य है तथा सरकार कबतक उक्त गाँवों में जमींदारी बाँध के निर्माण का विचार रखती है और नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क का निर्माण

*1882. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखण्ड के सुजावलपुर तक जाने वाली सड़क का निर्माण नहीं होने से आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क का निर्माण करने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

पटना :
दिनांक 22 अप्रील, 2015 (ई०)।

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०)- 50- डी०टी०पी०-450